**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 226**
**दिनांक 02.02.2021/13 माघ,1942 (शक) को उत्तर के लिए**

**जम्मू और कश्मीर पुलिस का आधुनिकीकरण**

**226. श्री जुगल किशोर शर्माः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या जम्मू और कश्मीर पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए अतिरिक्त सहायता की मांग की गई है; और**
**(ख) यदि हां, तो गत वर्ष के दौरान कितनी राशि की मांग की गई और कितनी राशि स्वीकृत की गई?**

उत्तर

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पुलिस बलों का आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, जम्मू और कश्मीर पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 40.20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त''सुरक्षा संबंधी व्यय (पुलिस)'' के अंतर्गत 1,267 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

*****